चक्रधर समारोह : दिल्ली से आए अनीस साबरी की कव्वाली ने दर्शकों को झूमने किया मजबूर



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# बांध के ऊपर से बह रहा पानी, नीचे सड़क टूटी, आवाजाही बन्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

भारी बरसात होने पर घरजियाबथान डेम पूरी तरह लबालब भर चुका है। पूरा पानी भरने के बाद ऊपर से बह रहे पानी के तेज रफ्तार ने डेम के नीचे आने जाने बनी प्रधानमंत्री ग्राम सडक को तोड़ कर रख दिया है। लगातार पानी बहने के कारण आवाजाही बाधित हो गया है। पैदल और मोटरसाइकिल को छोड़ अन्य कोई भी वाहन सडक से पार नहीं हो पा रहा है। पानी के भारी रफ्तार से सड़क क्षतिग्रस्त हो चुका है।

■ घरजियाबथान डेम लबालब

हाल फिलहाल में चार पहिया वाहन वहां से किसी भी हालत में पार नही हो सकता। लोगों ने बताया कि बीते 15 से 20 दिनों से यही हालत निर्मित है । जिसके चलते यहां से आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है चार पहिया वाहन तो पार हो ही नही सकते पैदल चलने वाले और मोटरसाइकिल वाले लोग थोड़ा रिक्स लेकर इधर से उधर जा पा रहे है। पत्थलगांव सिंचाई विभाग के अधिकारी बह रहे पानी को सडक से कुछ दूर रास्ता बनाते तो कुछ बात बन सकती थी पर पत्थलगांव सिंचाई विभाग के अधिकारि कर्मचारियों के सुस्ती का ही नतीजा है कि हाल के 3 हफ्तों से घरजिया बथान से आने जाने सड़क रास्ता बंद हो चुका है। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देकर पानी के बहाव को आगे से लेजाकर निकलने की कोशिश करने की आवश्यकता है। जिससे सड़क आवाजाही चलता रहा सके।घरजियाबथान के उपसरपंच पवित्र मोहन बेहरा ने बताया कि डेम से जा रहे पानी से आवाजाही के लिए बनी सडक टूट चुकी है जहां से आने जाने में काफी दिक्कत है।

चार पहिया वाहन तो पार होने की हालत में नही है सडक में बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है जिसमे वाहन फंस सकते है। हमने अनेक बार वहां पर बेरिकेडिंग कर आने जाने से लोगो को सुरक्षा कारणों से मना करने की कोशिश की गई पर लोग नहीं मानते हैं। अब इस हालत में अगर किसी तरह की कोई दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। ऋषि बेहरा ने सडक की आवाजाही बन्द होने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से नाराज दिखे उन्होंने कहा कि ग्रामीणों इलाको में आने जाने के मुख्य सड़क ही जब बन्द हो जाये तो ग्रामीण क्या करे डेम से बह रहे पानी से सडक उखड़ चुका है गड्ढे ही चुके है। जिससे पार होना खतरे से खाली नही है। प्रशासन को ध्यान देकर कोई ब्यवस्था बनाना चाहिए जिससे आवाजाही सुचारू रूप से चलता रहे।



जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते राहगीर।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधित मामले, साफ- सफाई, रोजगार सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### जिले में अब तक 8680.1 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 8680.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 01 सितम्बर तक की स्थिति में 8413.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 42.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1001.2 मिमी, मनोरा में 1064.6 मिमी, कुनकुरी में 1228.3 मिमी, दुलदुला में 547.4 मिमी, फरसाबहार में 696.8 मिमी, बगीचा में 957.0 मिमी, कांसाबेल में 805.0 मिमी, पत्थलगांव में 760.1 मिमी, सन्ना में 1001.6 मिमी एवं बागबहार में 618.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम ढोढरअम्बा, निवासी स्व.रतनी बाई का कुआं के पानी में डूबने से 05 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सुखनाथ राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पुलिस ने चलाया कॉम्बिंग गस्त अभियान, पकड़े 8 वारंटी

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बीती रात कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाया। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने रात 12 बजे से 5 बजे भोर तक 4 संदेहियो, 66 गुंडा बदमाश, 37 निगरानी बदमाश, जिला बदर की औचक चेकिंग कर गुजर बसर चेक किया गया। इस दौरान उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। पूर्व मे संपत्ति सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों एवं जमानत से छूटे हुए पूर्व के कुल 17 आरोपियों की भी चेकिंग कर अपराध की पुनरावृति करने वाले आरोपियों को गुंडा बदमाश की सूची मे लाये जाने एवं उक्त बदमाशों पर बॉन्ड ओवर की कार्रवाई किए जाने की सख्त हिदायत दी।

## शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर के निर्देश पर जांच एवं कार्रवाई

# शिक्षा कार्यालयों का अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में शिक्षा विभाग के क्रियाकलापों को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार विभाग के कार्यालयों एवं स्कूलों की आकस्मिक निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें एसडीएम नंदजी पाण्डेय के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुनकुरी का औचक निरीक्षण किया गया।

वहीं एसडीएम बगीचा प्रदीप राठिया ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बगीचा का निरीक्षण किया गया। कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव का एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन एवं नायब तहसीलदार भीष्म पटेल ने निरीक्षण किया। कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसाबहार का औचक निरीक्षण एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह एवं नायब तहसीलदार सुशील सेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीएम फरसाबहार ने पाठ्यक्रम आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण में शामिल होकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मनोरा का निरीक्षण नायब तहसीलदार ओंकार बघेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुलदुला का निरीक्षण नायब तहसीलदार राहुल कौशिक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर का निरीक्षण तहसीलदार जयश्री राजमनपथे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कांसाबेल का निरीक्षण नायब तहसीलदार आस्था चंद्राकर द्वारा किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यालय में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने, कार्यालय में स्वच्छ्ता रखने, फाइलों का व्यवस्थित संधारण करने, कार्यालय को व्यवस्थित करने आदि के निर्देश दिए गए। आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।



आकस्मिक निरीक्षण करते अधिकारी।

# पुलिस ने दो गुम बच्चियों को ढूंढकर परिजन के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे "ऑपरेशन मुस्कान"के तहत पुलिस ने दो गुम बच्चियों को सकुशल ढूंढ कर उनके परिजनों को सौंपा। पुलिस की इस तत्परता और सतर्कता से दो परिवारों के चेहरे पर खुशी लौट आई।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बगीचा क्षेत्र के ग्राम निवासी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 28 अगस्त की शाम से लापता है। आस-पड़ोस और रिश्तेदारों से जानकारी जुटाने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि बच्ची अंबिकापुर के गंगानगर क्षेत्र में है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी ने किया शारीरिक शोषण

इस दौरान उसने नाबालिग का शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को थाना दुलदुला क्षेत्र के जंगल से बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 62 (2) (एम), 87 और पॉस्को एक्ट की धारा 4,6 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सकुशल बरामद, नहीं हुई कोई अप्रिय घटना

पुलिस ने तुरंत टीम भेजकर बच्ची को सकुशल बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची ने बताया कि वह काम की तलाश में घर से चली गई थी। उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### आरोपी के कब्जे से बरामद नाबालिग

29 अगस्त को थाना कुनकुरी में एक 17 वर्षीय नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई। परिजनों ने बताया कि लड़की गणेश पूजा आरती के लिए जा रही थी, लेकिन घर वापस नहीं आई।पुलिस की जांच में पता चला कि नाबालिग को जगतपाल साय (26 वर्ष) ने बहला-फुसलाकर भगा लिया था। आरोपी ने कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करेगा।

### बच्चों की तलाश को प्राथमिकता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस गुम बच्चों की तलाश को प्राथमिकता के आधार पर लगातार जारी रखे हैं। "ऑपरेशन मुस्कान"के तहत पुलिस संवेदनशील मामलों में तेजी से कार्रवाई कर रही है ताकि बच्चे सकुशल अपने परिवारों के पास लौट सकें।

### इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राकेश कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक मनोज साहू, आरक्षक प्रदीप एक्का और महिला आरक्षक रीना केरकेट्टा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का पंद्रहवां दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का पंद्रहवा दिन है। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि शासन स्तर से अभी तक कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों संविलयन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, नियमित पद में आरक्षण के संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं की गयी है। जब तक शासन हमारी मांगो को नहीं मानता तब तक हमारी हड़ताल जारी रहेगा।



### सत्ता पक्ष के सांसद का मिला समर्थन

अभी तक एनएचएम संघ को अन्य कर्मचारी संघों, जनता व विपक्षी दलों का समर्थन मिल रहा था। किंतु एनएचएम की जायज मांगों और मोदी गारंटी के वादे के कारण सत्तापक्ष से लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा मांगों कि पूर्ति के संबंध में यथोचित कार्यवाही हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर समर्थन किया गया है।

### मानव श्रृंखला बनाकर एकता का दिया संदेश

एनएचएम जिला जशपुर के लगभग 840 कर्मचारियों ने संघ के प्रति अपने समर्पण और एकता का परिचय देते हुए अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरनास्थल से जिला चिकित्सालय व कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तक मानव श्रृंखला बना प्रदर्शन किया।

## रोजगार मेला का आयोजन 8 को

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 08 सितम्बर 2025 को प्रातः 11.00 बजे से एनईएस कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा हैं। रोजगार मेला हेतु पीपल ट्री वेंचर्स ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड आशीष केसरवानी, टैंगो सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड अनिल भगत, शाही एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड शशिरेखा सिदार, जायसवाल ढाबा दोडका चौरा जशपुर भरत जायसवाल, सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज कांति लाल रात्रे, स्वतंत्र माइक्रोफिन अनिमेष पटेल, श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड विभांशु लोधी, श्री राम फायनेंस जशपुर विविक गुप्ता और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस मनोज से विभिन्न पदों के लिए रिक्तियॉ प्राप्त हुई है।

# युवतियों से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** राह चलते युवतियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी हेमंत उर्फ हर्षित यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का साथी अभी फरार है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस ने पातासाजी शुरू कर दी है।

■ साथी की तलाश जारी

मिली जानकारी के अनुसार थाना पत्थलगांव में पीड़ित युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त 2025 की शाम 6 बजे वह अपनी बहन और सहेलियों के साथ कॉफी हाउस जा रही थी। इसी दौरान अंबिकापुर रोड पर आरोपी हेमंत यादव अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर उनका पीछा करने लगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उनके ऊपर गंदे कमेंट्स और अश्लील इशारे किए। उसकी बहन के कंधे पर हाथ मारकर आगे निकल गया। कुछ दूरी पर आरोपी और उसका साथी वापस आकर युवतियों के सामने मोटरसाइकिल रोक दी। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की और मोबाइल नंबर मांगने लगे। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी और उसका साथी मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मामले की गंभीरता और महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने थाना पत्थलगांव पुलिस को आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी का निर्देश दिया। पुलिस ने आरोपी हेमंत उर्फ हर्षित यादव को महुआ टोली थाना पत्थलगांव से हिरासत में लिया।

### पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील है। पत्थलगांव क्षेत्र में युवतियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## फूल नहीं चिंगारी है, छत्तीसगढ़ की नारी है, जैसे नारे लगाते आठ से दस हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिकाओं ने लाल साड़ी पहनकर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जीने लायक वेतन की मांग और पदाधिकारियों पर हो रही बर्खास्तगी की कार्यवाही को वापसे लेने सहित 8 सूत्रीय अन्य प्रमुख मांगें को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने रणजीता स्टेडियम चौक में हड़ताल के दौरान विशाल आमसभा का आयोजन किया।जिसमें कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जमकर हल्ला बोल करते हुए सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।यहां अनोखे हड़ताल की गूंज समूचे प्रदेश में सुनाई दी,अभी तक के इतिहास में पहला ऐसा हड़ताल रहा है जिसमें सरकार और शासन प्रशासन के खिलाफ कोई भी न तो नारेबाजी किया गया और न ही खिलाफ में कुछ भाषण दिया गया।



धरना प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं।

**सभी आंगनबाड़ी में लगा तला:** 1 सितम्बर को प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रो मे ताला लटका हुआ है,जीने लायक वेतन देने और पदाधिकारियो पर हो रही बर्खास्तगी की कार्यवाही को वापसे लेने की मांग संघ ने प्रमुखता से रखी है। संघ की 8 सूत्रीय लंबित मांग है जिसे कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### 8 हजार से ज्यादा ने निकाली रैली

आमसभा के समापन के बाद दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल रणजीता स्टेडियम चौक से रैली बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेड कार्यालय के लिए निकली,जहां मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। लगभग 8 हजार से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने जिला मुख्यालय में रैली निकाला मांगों के समर्थन में नारा लगाया गया।यह रैली रणजीता स्टेडियम से निकलते हुए महाराजा चौक बस स्टैंड बाजार डांड विवेकानंद कालोनी और दरबारी टोली होये हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची।जहां कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू को संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

### कराया शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण

कार्यकारी प्रांताध्यक्ष और जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने बताया कि अपने मांगों के समर्थन में शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। शांतिपूर्ण तरीके से भारी संख्या में कार्यकर्ताएं और सहायिकाएं अपनी लंबित मांगों के समर्थन में कलेक्टर के माध्यम से 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पीएम और सीएम के नाम ज्ञापन सौंपने यहां एकत्रित हुई है।

### शुरू किया गया सराहनीय पहल

संयुक्त मंच के 6 कार्यकर्ताओं की संघ के कार्यों में सक्रिय रहने के कारण उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। ऐसे पीड़ित कार्यकर्ताओं को जब तक न्याय नहीं मिल जाता और उनकी नौकरी उन्हें वापस नहीं मिल जाता तब तक संघ ने उनका चूल्हा चौकी का खर्च उठाने का बीड़ा उठाया है। श्रीमती कविता यादव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि संघ के कार्यों में सक्रियता और संलिप्तता के कारण यदि किसी भी कार्यकर्ता और सहायिका पर कार्यवाही होता है तो संघ उनका आर्थिक मदद करते हुए 10 हजार रुपए प्रतिमाह उन्हें खर्च देगा और यह खर्च तब तक संघ के द्वारा उठाया जायेगा जब तक कि पीड़ित कार्यकर्ता या सहायिका को न्याय न मिल जाए। सराहनीय कदम का सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के द्वारा सराहना करते हुए स्वेच्छानुसाद सहयोग राशि जमा किया गया।

## खबर संक्षेप

### शिव गुरु महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक



प्रतापपुर। शिव गुरु महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। जिला स्तरीय शिव शिष्य समिति की अध्यक्ष चंद्रिका कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी सहित गुरु भाई-बहनों ने हिस्सा लिया। बैठक में महोत्सव की सफलता के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम की रूप-रेखा तय की गई। इस दौरान आयोजन समिति का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाध्यक्ष के लिए लाल बहादुर गुप्ता, विजय यादव, धन्नू पैकरा और जोखन राम, सचिव पद के लिए राजेश कश्यप, सह सचिव बैजंती गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवीन नाविक, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता और प्रशांत सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अतिरिक्त 21 सदस्यों की कार्यकारिणी भी बनाई गई। नव नियुक्त अध्यक्ष अजीत शरण सिंह ने कहा कि हरिन्द्रानंद ने शिव चर्चा को पूरे जनमानस में फैलाया। समिति में लगभग 200 से अधिक गुरु भाई-बहनों को शामिल किया गया है और सभी ने महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में मुख्यालय रांची से बरखा दीदी एवं आनंद का आगमन हो रहा है। भव्य महोत्सव 09 नवंबर की सुबह 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल और कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है। करीब 1 लाख से अधिक भीड़ होने की संभावना है।

### यूरिया की कालाबाजारी को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



प्रतापपुर। यूरिया की कालाबाजारी को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी व सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर पार्टी द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। सौंपे गए ज्ञापन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष छोटेलाल आयाम ने बताया है कि खेतों में हरियाली की उम्मीद लगाए बैठे किसानों के माथे पर इन दिनों चिंता की लकीरें गहरी हो गई हैं। बुवाई और रोपाई के बाद खेतों को संजीवनी देने वाला यूरिया खाद सहकारी समितियों से गायब है। मजबूर किसान निजी दुकानों से 1000 से 1200 रुपये प्रति बोरी की ऊंची कीमत पर खाद खरीदने विवश हैं। शासन-प्रशासन की लापरवाही किसानों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दुकानदार बिना लाइसेंस के ही खुलेआम खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि सहकारी समितियों में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराया गया और काला बाजारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो प्रतापपुर समेत जिले में आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा।

### नशीला इंजेक्शन बेच रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर के करसू तालाब के समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने युवक के पास से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को उड़नदस्ता कार्यालय में मुखबिर से सूचना मिली कि करसू तालाब के समीप सतीपारा निवासी कालू बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन रखा है और बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंची घेराबंदी किया। इसी बीच एक हाथ में थैला पकड़े संदिग्ध युवक ने सरकारी गाड़ी को देख भागने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आशीष ठाकुर उर्फ कालू और सत्तीपारा निवासी बताया।

## सड़क में हुए 3-3 फीट के गहरे गड्ढे

# उत्तर छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाली नवाटोला-मकररोहर सड़क हुई खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

उत्तर छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से जोड़ने वाली नवाटोला मकरोहर सड़क के खतरनाक गड्ढों के कारण सफर काफी कठिन हो रहा है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं वहीं चार पहिया वाहनों में टूट-फूट होने के कारण वाहन ब्रेकडाउन हो रहे हैं।

**खास बात**
- आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, फंस रहे वाहन

लोक निर्माण विभाग द्वारा 10 वर्ष पूर्व सीमावर्ती मध्य प्रदेश की यात्रा को सुगम बनाने गुरूघासी दास नेशनल पार्क के नवाटोला जांच चौकी से मकरोहर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था। देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में बरसात के पूर्व ही सड़क पूरी तरह से उखड़ गई थी। बारिश शुरू होने के बाद सड़क की हालत दिनों दिन खराब होती गई। अब हालत यह है कि सड़क में 3-3 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के दौरान गड्ढों की गहराई का अनुमान नहीं लगने के कारण भारी वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। ट्रकों में टूट-फूट होने के कारण वाहन स्वामी इस मार्ग से आवागमन करने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं तथा माल परिवहन का अधिक भाड़ा वसूल रहे हैं। यात्री वाहनों को आवागमन में अधिक मुश्किलें हो रही हैं। गहरे गड्ढों में जीप-कार के चक्के फंसने के कारण वाहनों को बाहर निकालना कठिन हो जाता है। घंटों मशक्कत के बाद ऐसे वाहनों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालना पड़ता है। मध्यप्रदेश का सिंगरौली जिला निकट होने के कारण अपनी छोटी बड़ी हर जरूरतों के लिए क्षेत्रवासी बाइक से सफर करते हैं। खतरनाक गड्ढों के कारण दो पहिया सवार आए दिन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। खास बात है कि कम दूरी होने के कारण इसी मार्ग से दूसरे राज्यों से माल परिवहन करने वाले भारी वाहन गुजरते हैं। मध्यप्रदेश के भी ट्रक इस मार्ग से यूपी एवं बिहार राज्य का सफर करते हैं।



जर्जर सड़क।

#### क्षेत्रवासियों की बड़ी जरूरत

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीण अपनी सभी जरूरतों के लिए सिंगरौली पर निर्भर हैं। जिला मुख्यालय सूरजपुर एवं तहसील मुख्यालय ओड़गी की दूरी अधिक होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण अपनी जरूरतों की पूर्ति सिंगरौली बाजार से करते हैं। किराना सामग्री या फिर कपड़ा, दवा सहित अन्य सभी सामग्रियों की खरीदी यहीं से होती है। अपनी उपज को बेचने के लिए भी क्षेत्र के ग्रामीण सिंगरौली बाजार पर निर्भर हैं। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर भी इलाज के लिए उसे सिंगरौली ले जाते हैं। सड़क के खतरनाक गड्ढों के कारण मरीजों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है साथ ही तीन किमी की यात्रा तय करने में दो घंटे का समय लग रहा है। गड्ढों के कारण सड़क पर वाहनों को रेंगना पड़ रहा है।

#### चल रही टेंडर की प्रक्रिया

सड़क के पैच रिपेयरिंग की स्वीकृति मिली है तथा टेंडर की प्रक्रिया चल रही है टेंडर होते ही पैच रिपेयरिंग प्रारंभ कर दिया जाएगा।

-ललित भोई
ईई, लोनिवि, सूरजपुर



## सड़क के बीच हुए गड्ढे को गिट्टी को बोल्डर डाल की गई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

पेट्रोल पंप के समीप स्टेट हाईवे 2 ए पर गड्ढे हो जाने पर देर रात एसडीएम ललिता भगत के नेतृत्व में तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार हिना टंडन पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सतीश साहू, वीरेंद्र कुमार चौधरी, नारद सिंह ध्रुव व भटगांव थाना के पुलिस द्वारा जेसीबी से गिट्टी बोल्डर डलवाया गया। ज्ञात हो की मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद द्विवेदी द्वारा कलेक्टर, प्रतापपुर एसडीएम व टीआई भटगांव को सड़क के बीच लगभग 5 फीट का गड्ढा हो जाने तथा वाहन सवार के लिए खतरा होने के संबंध में समस्या से तत्काल अवगत कराया गया। प्रशासनिक अमला तुरंत हरकत में आया और भारी वाहनों को रोक दिया गया। साईड से छोटी गाड़ियों को निकलवाया गया। अधिकारियों के समक्ष गिट्टी डलवाया गया। बताया जा रहा कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रोड के नीचे तीन पीवीसी पाइप डाला है। सड़क के दोनों ओर बहरा खेत है और खेतों में पानी का भराव था जिससे पाइप के बगल से पानी एक छोर से दूसरे छोर में जाने लगा जिससे अंदर ही अंदर मिट्टी का कटाव हुआ जिसकी वजह से रोड में गड्ढा हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि अभी भी रोड का मरम्मत कार्य जारी है।

### मंत्री ने जिले में कालाबाजारी रोकने कलेक्टर को दिए निर्देश

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कलेक्टर एस जयवर्धन को यूरिया व अन्य खाद की कालाबाजारी रोकने और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



- कहा किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में खरीफ सीजन हेतु प्रदेश में 14.62 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 15.64 लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण कर 13.19 लाख मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है, जिसमें 6.39 लाख मीट्रिक टन यूरिया शामिल है। साथ ही 5.30 लाख बोतल नैनो उर्वरक भंडारित कर 4.18 लाख बोतल किसानों तक पहुंचाई गई है। इसी क्रम में सूरजपुर में भी यूरिया एवं खाद बीज की उपलब्धता कराई गई है एवं कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार नैनो खाद से लागत घटती है, उत्पादन बढ़ता है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम से महिलाओं को मिलेगी आत्मनिर्भरता की राह



**सूरजपुर।** ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि दीदी के गोठ जैसी पहल महिलाओं की आवाज़ को हर घर तक पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि बिहान योजना ने छत्तीसगढ़ की हजारों महिलाओं के जीवन को बदल दिया है, जिनमें कई लखपति दीदी बन चुकी हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री पाटले ने कहा कि दीदी के गोठ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भरता की राह दिखाना है। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपने परिश्रम से परिवार ही नहीं, पूरे समाज की दिशा बदल रही हैं। रेडियो कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां प्रसारित की जा रही हैं, जिन्होंने कठिनाइयों को पार कर आर्थिक मजबूती और सामाजिक पहचान हासिल की है। प्रेरणादायक कहानियों से अन्य महिलाओं को भी नई ऊर्जा और हौसला मिलेगा तथा वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुआ, जिसमें जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के अलावा ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के नोडल अधिकारी संतोष शर्मा, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार एक्का, मो. नसीम, माधुरी भंडारी, संकुल संगठन के पदाधिकारी, जनपद स्टाफ, पीआरपी, कैडर एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की दीदियां मौजूद थीं। यह कार्यक्रम जिले के सभी विकास खंडों में भी चयनित स्थानों तथा जिले के 24 संकुल स्तरीय संगठन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



#### सामूहिक रूप से सुनी दीदी के गोठ, की चर्चा

सलका अधिना। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का श्रवण महिलाओं ने किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता हिरामति अगरिया ने की। विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक आर्थिक एवं पारिवारिक रूप में सशक्त बनाने के दिशा में एक ओर ऐतिहासिक कदम उठाया है, आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्र से एक साथ प्रसारित हुआ। इंदिरा गांधी क्लस्टर सलका अधिना एवं ग्राम संगठन की महिलाओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। इसका उद्देश्य महिलाओं की आवाज को समाज तक पहुंचना उनके संघर्ष और उपलब्धियां को सामने लाना और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक बदलाव की राह दिखाना है। इस दौरान फुलवती एक्का, रेशमा परविन, प्रभा गुप्ता, शोभा ठाकुर, निशा राजवाड़े, आशा ठाकुर, वर्षा सिंह, फूलमती राजवाड़े, चंद्रमणि राजवाड़े, दुर्गा विश्वकर्मा, कौशल्या यादव, अनीशा खातून सहित 18 पंचायत के सभी दीदी उपस्थित रही।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम महनई पारा निवासी इसमति आ. गुदलू राम पहाड़ी कोरवा (22 वर्ष) शुक्रवार को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## वार्ड पार्षद की पहल पर नवापारा स्वास्थ्य केंद्र में दो साल बाद हुई चिकित्सक की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले दो साल से चिकित्सक सहित स्टाफ की समस्या से जूझ रहे गोधनपुर स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड पार्षद डॉ. शिव मंगल सिंह की पहल पर एक चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। चिकित्सक की नियुक्ति होने से अब अस्पताल आने वाले मरीजों का काफी राहत हो गई है। वार्ड के पार्षद डॉ. शिव मंगल सिंह द्वारा कुछ माह पूर्व ही गोधनपुर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान पता चला की अस्पताल में चिकित्सक के अलावा हमर लैब में स्टाफ की भारी कमी है। जिस पर वार्ड पार्षद श्री सिंह ने 24 मार्च को सीएमएचओ से मिलकर गोधनपुर स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दो साल से चिकित्सक व स्टाफ की कमी समस्या से अवगत कराया। साथ ही गोधनपुर में चिकित्सक की नियुक्त तथा स्टाफ की कमी को दूर करने की मांग की। वार्ड पार्षद डॉ. शिव मंगल सिंह की पहल से गत दिन 28 अगस्त को गोधनपुर वार्ड क्रमांक 5 में एक एमबीबीएस चिकित्सक की नियुक्ति राज्य शासन द्वारा की गई है। चिकित्सक की नियुक्ति होने से अब क्षेत्र के लोगों के लिए काफी राहत हो गई है और बीमार लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे।



## सर्पदंश से मृत दंपती के परिजन को प्रकाश इंडस्ट्रीज ने दी 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम बसकर डालाबहरा में जमीन पर सोए दंपत्ति की सर्पदंश से हुई कथित मौत के मामले में प्रकाश इंडस्ट्रीज एवं ग्राम पंचायत द्वारा परिजन को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। ग्राम डालाबहरा निवासी तुलेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी गीता सिंह अपने घर में जमीन पर सोए थे। इस दौरान करैत सांप ने उन्हें डस लिया जिसका दंपत्ति को एहसास भी नहीं हुआ। महिला की झाड़-फूंक करायी गयी। सवेरे 10 बजे दोनों की हालत बिगड़ने पर प्रकाश इंडस्ट्रीज की डिस्पेंसरी में फोन कर तत्काल एंबुलेंस बुलवाया गया और दंपत्ति को भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से सूरजपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर शाम तक अंतिम संस्कार भी परिजन द्वारा कर दिया गया। दंपत्ति की 4 संताने अमिता, नीता, आकाश और प्रकाश हैं जो स्कूल में पढ़ाई करते हैं। आपदा ने उनके सिर से मां बाप का साया छीन लिया। भाजपा नेता रक्षेन्द्र प्रताप सिंह और गोंगपा के नरेंद्र साहू ने तहसीलदार शिव नारायण राठिया के समक्ष चारों मासूमों के आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की पहल करने और परिवार को प्राथमिकता से सीएम आवास और परिवार सहायता योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। तहसीलदार ने इस संबंध में पहल करने की बात कही है। मृतक के पिता भैयालाल (56साल) 2 साल पहले आग से गंभीर रूप से झुलस गए थे। भैयालाल का इलाज कराने की मांग भी तहसीलदार से की गई है। प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दंपत्ति की मृत्यु हो जाने पर 25 हजार का चेक मृतक के पिता भैयालाल को सौंपा है। ग्राम पंचायत बसकर के सरपंच सुरेश सिंह सचिव नरेंद्र कुशवाहा द्वारा पंचायत मद से 4 हजार की सहायता पीड़ित परिवार को दी गई है। इस दौरान जनपद सदस्य इंद्रावती राजवाड़े, पटवारी कुशवाहा, भास्करपारा खदान के डी पात्रा, विजय कुमार देव कुमार राजवाड़े, राम सिंह राजवाड़े, शिक्षक तरूण सिंह, रामनारायण राजवाड़े, विजय सिंह, रामलाल राजवाड़े आदि उपस्थित रहे।

- अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हर संभव मदद का दिया भरोसा



### घर में शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार, गई जेल

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने महिला के पास से 21 लीटर शराब जब्त कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम मुखबिर से सूचना मिली कि मणिपुर अंतर्गत दर्रीपारा निवासी सरस्वती साहू अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बना कर बिक्री कर रही है। सूचना पर तत्काल आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सरस्वती साहू के घर दबिश दी,,घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में दो चढ़ी भट्टी पाई गई जिसमें महुआ शराब बन रहा था दूसरे कमरे में 21 लीटर महुआ शराब बरामद किया। आरोपिया सरस्वती साहू के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## वोटर अधिकार यात्रा के तहत पूर्व मंत्री ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिहार में चल रही वोट अधिकार रैली में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत भी शामिल हुए। रविवार को बिहार के विक्रम विधानसभा के पर्यवेक्षक प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में बैठक की गई। बैठक के बाद मसाल जुलूस निकालकर में भ्रमण किया गया और वोटर अधिकार के लिए रैली निकाली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोक सभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में सासाराम से 17 अगस्त से वोट अधिकार यात्रा चल रही है। 1 दिसंबर को गांधी मैदान पटना में विशाल जनसभा एवं यात्रा किया जाएगा, गांधी प्रतिमा से भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पदयात्रा किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु बैठक कर सभी बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हों। पर्यवेक्षक अमरजीत भगत के साथ छत्तीसगढ़ के संयुक्त महामंत्री डॉ. लालचंद यादव, कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह, पूर्व पार्षद दीपक मिश्रा, और विक्रम पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष सुमित सनी, अशोक गगन सहित अन्य मौजूद थे।

# 12 हाथियों का दल पहुंचा फतेहपुर, पूरी रात मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

विकासखंड उदयपुर के ग्राम फत्तेपुर, हरिहपुर ग्राम पंचायत बीती रात बारह हाथियों का दल नेशनल हाईवे मार्ग 130 तारा को पार कर गांव में पहुंच गया। हाथियों ने पूरी रात क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया और घर सहित फसलों को नुकसान पहुंचाया। इधर हाथियों के गांव में पहुंच जाने से भयभीत ग्रामीणों ने जागकर रात गुजारी।

- तीन घर सहित 5 हेक्टेयर धान फसल को पहुंचाया नुकसान



एचएच 130 तारा को पार कर 12 सदस्यीय हाथियों का दल फतेहपुर, हरिहपुर ग्राम पंचायत में पहुंच गया। हाथियो ने जंगल किनारे साध राम, केश्वर सिंह, सियबर के मकान को तोड़ दिया। साथ ही हाथियों के दल द्वारा नुकसान पहुंचाया गया। रात्रि8 बजे ही हाथियों का दल गांव में पहुंच गया था जिससे गांव वाले पूरी रात रतजगा कर रात गुजारी जिससे किसी प्रकार की कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा 12 किसानों का फत्तेपर, हरिहरपुर के पांच हेक्टर धान के फसल का नुकसान पहुंचाया हैं। घर व फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथियों का दल तड़के नेशनल हाईवे को पार कर पुनः सड़क किनारे प्रेमनगर ब्लाक के जनार्दनपुर जंगल में डटे हुए हैं।एक सप्ताह पूर्व कोरिया जिले से हाथियों का दल प्रेमनगर विकासखंड के मेंड्रा,काटा रोली,जनार्दनपुर,अभयपुर जंगल में डटे रहे। जिसके बाद 30 अगस्त की रात उदयपुर विकास खंड के सरगुजा जिले में प्रवेश किए हैं। हाथियों के दल पर वन विभाग के टीम ने लगातार निगरानी रखें हुए हैं एवं ग्रामीणों को लगातार सतर्क कर रहे हैं। वन विभाग के टीम ने ग्रामीणों से हाथियों को नहीं छेड़ने एवं अपने घरों में महुआ शराब न बनाने की बात कही। नुकसान का आकलन कर मुआवजा बनाने की तैयारी वन विभाग टीम द्वारा किया जा रहा है।

### माता-पिता को झगड़ते देख बेटी ने कमरे में लगाई फांसी, मौत

अम्बिकापुर। माता-पिता को झगड़ते देख बेटी ने अपने कमरे जाकर फांसी लगा ली। परिजन युवती को गंभीर हालत में फांसी से उतार मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। नवागढ़ निवासी सानिया परवीन आ. मोहब्बत सहन बाज (17 वर्ष) बीती रात घर में थी। इसी दौरान माता-पिता झगड़ रहे थे। आए दिन घर में लड़ाई होने से परेशान युवती ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे फांसी से उतार कर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका की मां ने पुलिस को बताया कि पति अक्सर रात में शराब के नशे में आकर किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करते थे।



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।



## लाइफ Style

# जाह्नवी
## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

## हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा


**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

## टीवी मसाला



# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो



हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?

# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद



किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।

### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गई। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गार्ड्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी




तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।

## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

*मुंबई। 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यतः रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटोग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### बैठक कर बीमारियों की रोकथाम पर जोर

**सरसीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने आज सारंगढ़ में बिलाईगढ़, सारंगढ़ और बरमकेला के बीएमओ अधिकारियों संग बैठक ली। उन्होंने सर्दी-बुखार, खांसी, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी व लेप्रोसी जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सघन जांच और दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अध्यक्ष पांडेय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

### 150 लीटर अवैध महुआ शराब किया जब्त

**सरसीवा।** जिले में अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भटगांव थाना पुलिस ने ग्राम सलोनीकला (सबेरिया डेरा) में तड़के सुबह दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन और अति. पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय के मार्गदर्शन में एसडीओपी विजय ठाकुर के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्यवाही के दौरान डेरा के पुरुष पुलिस को देख भाग निकले। हालांकि पुलिस ने मौके से करीब 3 क्विंटल लहान, शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए और 150 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। कार्रवाई में थाना प्रभारी टीआई राजेश चंद्रवंशी सहित भटगांव थाना स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### राज्यपाल से सम्मानित होंगी प्रियंका

**कटेली।** शाप्राथ शाला दहिदा के प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर 2025 को राजभवन में राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे। प्रियंका गोस्वामी को यह सम्मान उनके शैक्षणिक सेवा के क्षेत्र में समर्पण एवं अपने विषय में नवीन प्रयोगों के कारण दिया जा रहा है। वे प्रधान पाठक के साथ आशु कवयित्री, साहित्यकार, बेहतरीन मंच संचालक, अनुशासन प्रिय शिक्षिका एवं विद्यार्थी हितों के लिए तत्पर शिक्षिका हैं । इस तरह प्रियंका गोस्वामी ने विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं देते हुए अपने विद्यालय को एक मॉडल बनाया। सामुदायिक सहभागिता व स्व व्यय से विद्यार्थियों के लिए टाई, बेल्ट, आई कार्ड, पानी बोतल, जूता, मोजा, स्वेटर आदि की व्यवस्था करतीं हैं।

### दो लूटपाट कांड के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने लूटपाट के दो मामलों का खुलासा करते हुए इलाके के दो शातिर बदमाशों को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो बाइक बरामद हुई हैं। मामला 27 अगस्त की रात का है, जब बसंत भोय अपने साथी नेहरू भोय के साथ बाइक पर ग्राम राजपुर जा रहा था। डगला पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद जैसे ही वह निकला दो बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए चाबी छीनी और बाइक लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना लैलूंगा में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने पीड़ित से हुलिया पूछताछ की, जिसमें इंदिरानगर निवासी विक्की सारथी पर शक गहराया। पुलिस ने संदेही को पकड़कर पूछताछ की तो उसने साथी हनीस राठौर के साथ वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। दोनों की निशानदेही पर लूटी गई बाइक बरामद की गई। पूछताछ में विक्की सारथी ने एक और लूट का खुलासा किया।

### प्रणवम महोत्सव में जिज्ञासा का जलवा

**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में चल रहे प्रणवम फेस्ट 2025 के तीसरे दिन रायगढ़ जिले की छाल नवापारा की बेटी जिज्ञासा दुबे ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। सब जूनियर श्रेणी के कथक नृत्य प्रतियोगिता में जिज्ञासा ने प्रथम स्थान हासिल कर लगातार दूसरे वर्ष जिले का नाम रोशन किया। 29 अगस्त से 2 सितंबर तक चल रहे इस उत्सव का आयोजन श्वेता नायक और साईं नृत्य निलयम द्वारा किया जा रहा है। तीसरे दिन नृत्य और संगीत की 129 प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इन्हीं में से जिज्ञासा की भावपूर्ण कथक प्रस्तुति को निर्णायकों ने सर्वश्रेष्ठ घोषित किया।

### चक्रधर समारोह की चौथी शाम: सुर, ताल और लय से सराबोर हुआ रायगढ़

# चक्रधर समारोह : दिल्ली से आए अनीस साबरी की कव्वाली ने दर्शकों को झूमने किया मजबूर












हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के 40वें वर्षगांठ के चतुर्थ दिवस रायगढ़ का रामलीला मैदान संगीतमय और सांस्कृतिक रंगों में डूबा रहा। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग, पर्यटन मंडल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में ओडिशी, कथक, पंथी नृत्य, सितार वादन और कव्वाली की अद्भुत प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे भिलाई छत्तीसगढ़ के पद्मश्री राधेश्याम बारले की टीम, जिन्होंने पंथी नृत्य की ऊर्जामयी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पंथी की सुर, ताल और लय पर दर्शक स्वयं को थिरकने से रोक नहीं पाए।

वहीं, दिल्ली से आए जनाब अनीस साबरी ने अपनी कव्वाली से मंच को सूफियाना रंग में रंग दिया और उपस्थित दर्शकों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में रायपुर की सुश्री शिवली देवता, सुश्री भूमिसुता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल, कटक की डॉ. दीप्ति राउत्रे एवं खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। लखनऊ की श्रीमती श्वेता वर्मा और रायपुर की सुश्री इशिका गिरी ने कथक में अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। संगीत की सरिता में प्रो.डॉ. लवली शर्मा (खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय) के सितार वादन ने वातावरण को और भी माधुर्य से भर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर लोकसभा सांसद श्री महेश कश्यप विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने गणेश पूजन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि चक्रधर समारोह केवल रायगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। उन्होंने इसे कला, संगीत और नृत्य साधना का अद्भुत संगम बताते हुए आयोजकों की सराहना की।

### जगन्नाथ स्वामी पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी

रायपुर से आई ओडिशी कलाकार सुश्री शिवली देवता ने ओडिशी की मनमोहक प्रस्तुति से की। सुश्री शिवली एक निपुण ओडिसी नृत्यांगना है। ओडिशी नृत्य की उत्पत्ति उड़ीसा के मंदिरों से हुई है और यह नृत्य अपनी लयबद्ध गतियां, जटिल पद चालन तथा मंदिरों में उकेरी हुई मूर्तियों की मुद्राओं के लिए जाना जाता है। शिवली अपनी कोमल मुद्राओं भावपूर्ण अभिनय तथा तालबद्ध निपुणता के माध्यम से भारतीय महाकाव्यों की कालजयी कथाओं को जीवंत कर देती है। शिवली अपनी नृत्य प्रस्तुति को एक आध्यात्मिक अर्पण के रूप में लेती है जो हमारे पुरातन परंपरा को वर्तमान से जोड़ती है। रायपुर से आई प्रसिद्ध नर्तक,कलाकार सुश्री शिवली देवता द्वारा अपनी प्रस्तुति में पुरी के जगन्नाथ स्वामी पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उन्होंने अपनी कलाओं के माध्यम से भावभंगिमाओं के साथ लयबद्ध तरीके से मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। सुश्री शिवली को विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर उनकी प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है।

### छात्रों ने सिर पर कलश रखकर अद्भुत लोकनृत्य का किया प्रदर्शन

इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित विविध छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की मन को छूने और झुमाने वाली आकर्षक प्रस्तुति दी। उन्होंने सबसे पहले गणपति जगवंदन और गजानन स्वामी के जयकारे से अपने प्रस्तुति की शुरुआत की। कार्यक्रम स्थल पर दूर-दूर से पहुंचे सभी दर्शकों को आज कत्थक, भरतनाट्यम, ओडिसी, तबला, संतूर, सितार, भजन, गजल जैसे विभिन्न शास्त्रीय कलाओं के साथ साथ छत्तीसगढ़ के कलसा, ठीसकी चटकोला, रैला-रीना और करमा लोकनृत्य के रंगो में भी डूबने का अवसर मिला। छात्रों ने सिर पर कलश रखकर अद्भुत कलसा नृत्य का प्रदर्शन किया। जिसने छत्तीसगढ़ की लोक आस्था, पारंपरिक जीवन शैली और कलात्मक कौशल को बखूबी दर्शाया। जिससे पूरा चक्रधर समारोह छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से सराबोर हो गया। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ प्रदर्शन एवं ललित कलाओं के शोध में अग्रणी संस्थान है। यह कला, फैशन डिजाइनिंग, उच्च स्तरीय शोध कार्य आदि विभिन्न गतिविधियों के लिए संपन्न है। यह संस्थान लोक कला के प्रचार व संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

### श्वेता ने कथक से चक्रधर समारोह में बिखेरी यश की चांदनी

प्रख्यात कलाकार श्रीमती श्वेता वर्मा ने पूरे चक्रधर समारोह में लखनऊ घराने के कथक नृत्य प्रदर्शन से यश की चांदनी बिखेरी। श्रीमती श्वेता वर्मा मात्र चार वर्ष की उम्र से नृत्य कला से जुड़ गई थी। 5 साल तक उन्होंने बनारस घराने के श्री लच्छू महाराज के शिष्य द्वारा कथक नृत्य सिखा। उन्होंने कथक और भारतीय शास्त्रीय गायन दोनों में विशारद की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वे लखनऊ घराने के कत्थक नृत्य में निपूर्ण है। बता दें कि इन्होंने हर वर्ष विभिन्न नृत्यों का प्रतिनिधित्व संगीत नाटक अकादमी में किया है। कथक नृत्यांगना श्रीमती श्वेता वर्मा ने 2015 में हॉर्टफियर, जेनेश्वर मिश्रा पार्क, लखनऊ में कथक प्रदर्शन, 2016 और 2018 में लखनऊ महोत्सव में कथक का प्रतिनिधित्व, 2019 में देव महोत्सव, बाराबंकी में प्रदर्शन, 2020 में गुरु आरती शुक्ला के साथ डिफेंस एक्सपो, लखनऊ में प्रदर्शन, 2021 में अलाउद्दीन खान संगीत समारोह मैहर में प्रदर्शन, अयोध्या के दीपोत्सव में प्रदर्शन, रामायण मेला, अयोध्या में प्रदर्शन, 2022 में अयोध्या में दीपोत्सव, सावन महोत्सव, उज्जैन में प्रदर्शन, आईआईटी रुड़की, लखनऊ के कार्यक्रम में प्रदर्शन, 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, लखनऊ में कथक (रुद्रावतार) का प्रदर्शन, घुंघरू समारोह, जबलपुर में प्रदर्शन, 2024 में रामोत्सव अयोध्या में प्रदर्शन, आईआईटी रुड़की के कार्यक्रम में प्रदर्शन और 2025 में अस्सी घाट, वाराणसी में घाट संध्या कार्यक्रम में प्रदर्शन व बांदा महोत्सव में अपना मनमोहक प्रदर्शन देकर ख्याति प्राप्त कर चुकी है।

### रायगढ़ घराने की ठुमरी पर थिरकी बिलासपुर की इशिका

बिलासपुर की 14 वर्षीय प्रतिभाशाली कलाकार इशिका गिरी ने कथक नृत्य में मनमोहक प्रस्तुति दी। इशिका ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत सरस्वती वंदना से की, इसके बाद उन्होंने तोड़े-टुकड़े प्रस्तुत किए और अंत में महाराजा चक्रधर सिंह के रायगढ़ घराने की ठुमरी पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कम उम्र में ही शास्त्रीय नृत्य में विशेष पहचान बना चुकी इशिका गिरी ने अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वर्तमान में वे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से सम्बद्ध कमलादेवी संगीत महाविद्यालय रायपुर में प्रो. डॉ. आरती सिंह के मार्गदर्शन में नृत्य की बारीकियां सीख रही हैं। वर्ष 2025 में भी इशिका ने भोरमदेव महोत्सव, महिला मड़ई सहित कई प्रतिष्ठित आयोजनों में अपनी नृत्य कला से छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ाया है।

### भूमिसूता एवं लिप्सा रानी ने दिखाया आकर्षक नृत्य कौशल

रायपुर जिले से आईं ओडिसी नृत्यांगनाएं सुश्री भूमिसूता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल ने अपने अद्वितीय नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर उतरीं दोनों कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की कोमलता, भावभंगिमाओं की गहराई और ताल-लय की अद्भुत प्रस्तुतियों से समारोह का आकर्षण और भी बढ़ा दिया। ओडिसी नृत्य की प्राचीन शैली को जीवंत करते हुए कलाकाराओं ने भगवान गणेश , राधा-रानी संग नाचे मुरली पर आधारित भावपूर्ण आकर्षक प्रस्तुति दी। अंग-संचालन, मुख-मुद्राएँ और पदचालन की सुंदर लयबद्धता ने दर्शकों को ओडिसा की सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई।

### सितार वादन की मधुर धुनों से प्रो.डॉ. शर्मा ने बांधा समां

इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति एवं देश की प्रख्यात सितार वादक प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ.शर्मा ने राग सरस्वती की स्वर लहरियों से जब सितार की तारों को छेड़ा, तो समारोह शास्त्रीय संगीत के मधुर वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रोताओं ने प्रस्तुति का रसपान करते हुए तालियों की गडगड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### पद्मश्री राधेश्याम की टीम ने गुरु घासीदास के संदेशों पर दी प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ की लोकनृत्य परंपरा के ध्वजवाहक पद्मश्री राधेश्याम बारले की टीम ने पंथी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। टीम ने गुरु घासीदास के संदेशों पर आधारित नृत्य की भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सुर-ताल और लय की सटीकता से प्रस्तुति में लोकसंगीत और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम दिखा। पद्मश्री श्री बारले पंथी नृत्य के सुप्रसिद्ध नर्तक हैं, जिनका नाम देश-दुनिया में मशहूर है।

### नमामि राम राघवम और मोक्ष पर किया मंत्रमुग्ध

कटक (पूरी घाट) से आईं प्रख्यात नृत्यांगना डॉ. दीप्ति राउतरे और उनकी टीम ने मंच पर ऐसी मोहक नृत्य छटा बिखेरी कि पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। डॉ. राउतरे और उनकी टीम ने नमामि राम राघवम तथा मोक्ष पर नृत्याभिनय प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने भाव, राग और लय का ऐसा अद्वितीय संगम रचा कि भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और उनके आदर्श मानो सजीव हो उठे। गीत के भावार्थ मैं उन राम को नमन करता हूँ, जो रघुवंशी, श्यामवर्ण, प्रजाप्रिय और सीता के पति हैं-को कलाकारों ने इतनी सुंदर अभिव्यक्ति दी कि दर्शक भावविभोर हो उठे।

## नवगुरूकुल कैंपस से अपनी पढ़ाई शुरू करने बाद बना सफल कैरियर









हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले में नवगुरुकुल शिक्षण संस्थान संचालित है जहां से उत्तीर्ण छात्राओं तथा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर जीवन में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने हेतु तैयारी कराई जा रही है। संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। जिले के बेटियां नवगुरुकुल शिक्षण संस्थान में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्रामिंग सीखने के बाद आगे बढ़ रहे हैं। पूजा, फिलमीना, आरती और सयना ने बताया कि नवगुरूकुल संस्थान से उनके जीवन में एक टर्निंग पॉइंट आया है। इस संस्थान से उन्होंने बहुत कुछ सीखा हैं।

■ नवगुरूकुल से पूजा,फिलमीना, आरती और सयना के जीवन में आया नया बदलाव

## कृषि विभाग ने किया खाद भंडारण का निरीक्षण



किसानों को खाद बांटते कर्मचारी।

**महादेवडांड।** किसानों को खाद की किल्लत न हो इसके लिए कृषि विभाग इस वर्ष विशेष सतर्कता बरत रहा है। बगीचा विकास खंड के 43 विक्रेताओं को यूरिया और अन्य रासायनिक खाद वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। इसी कड़ी में रविवार को बगीचा ब्लॉक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लाल साय केरकेट्टा ग्रा. कृषि.विस्तार अधिकारी प्रदीप गुप्ता, संतोष गुप्त, ए.तिग्गा, आर.के.मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने निजी खाद विक्रेताओं की दुकानों व गोदामों में अचानक छापामार कार्यवाही की। अधिकारियों ने दुकानदारों के स्टॉक पंजी और खाद भंडारण का मिलान किया। जांच में पाया गया कि किसी भी दुकान में निर्धारित मात्रा से अधिक खाद का भंडारण नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसानों को सरकारी निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी दुकान में अनियमितता या कालाबाजारी पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता पर उर्वरक नियंत्रण 1985 के आदेश सहित कड़े कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

#### विभाग का दावा

कृषि विभाग का कहना है कि इस बार पर्याप्त मात्रा में यूरिया और अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध है। समय पर वितरण सुनिश्चित होने से किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी और फसल उत्पादन प्रभावित नहीं होगा।



## जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा

**पत्थलगांव।** शहर के सार्वजनिक पंडालों से लेकर गाँव -गाँव मे विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा बड़े जोर शोर से की जा रही है। दूर दराज से लोग सुबह और रात्रि पूजा के लिए भक्त लोग पत्थलगांव के सार्वजनिक रूप से बिठाए बड़े बड़े पंडालों तक पहुच रहे है मुख्य रूप से बड़े पंडाल लगाकर जशपूर रोड , हिन्द कालोनी, बस स्टैंड के मंडी में एवं पुरानीबस्ती प्रेमनगर में श्री गणेश भगवान को पंडालों में विराजमान किया गया है। जहां पंडालों को भव्य पूर्वक सजाया गया है जगमग करती लाइट रात्रि को देखते बन रही है। सुबह एवं रात्रि आरती के बाद प्रसाद भक्तों में बांटा जाता है। अनेक जगहों के पंडालों में भजन कीर्तन की जा रही है। मंडी में विराजे भव्य गणेश पंडाल एवं भव्य विघ्नहर्ता श्री गणेश जी को देखने दर्शन करने शहर सहित आसपास के गाँव गाँव से लोग पहुच रहे है।

### छात्रों के नाम रजिस्टर किए जाने को लेकर योजना बनाई गई

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

विद्यार्थी विज्ञान मंथन की जिला स्तरीय कार्यशाला स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में संपन्न हुई। इसमें सभी विकासखंडों के विज्ञान के शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में विद्यार्थी विज्ञान मंथन के द्वारा आयोजित की जाने विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों के नाम रजिस्टर किए जाने को लेकर योजना बनाई गई।

विज्ञान भारती के प्रदेश सचिव वर प्रसाद एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रदेश संयोजक गौरव वर्मा ने प्रोजेक्टर की मदद से सभी शिक्षकों को परीक्षा में रजिस्टर करने की पद्धति के बारे में जानकारी दी तथा यह आह्वान किया कि जिले के अधिक से अधिक छात्र इस परीक्षा में भाग लें जिससे उन्हें कई प्रकार के लाभ जैसे प्रमाण पत्र, कैश प्राइज, छात्रवृति इत्यादि प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त जो छात्र राष्ट्रीय स्तर पर विजेता होंगे उन्हें इसरो , डीआरडीओ जैसे संस्थाओं में शिविर करने का अवसर भी मिलेगा। रजिस्टर करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। जिला प्रशासन ने भी सभी विद्यालयों के छठवीं से ग्यारहवीं तक के छात्रों से परीक्षा में भाग लेने की अपील की है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के डीएमसी नरेंद्र सिन्हा, विनय सिन्हा, विज्ञान मंथन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर् विवेक पाठक, संजय दास एवं बड़ी संख्या विज्ञान विषय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### युवतियों से छेड़छाड़ ...

जांच में यह सामने आया कि आरोपी कई दिनों से युवतियों का पीछा कर अश्लील हरकतें करता रहा है। आरोपी ने किया अपराध स्वीकार, भेजा गया जेल आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।पुलिस ने आरोपी के साथी की भी पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इनकी रही विशेष भूमिका- इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उप निरीक्षक अर्जुन यादव और आरक्षक राजेंद्र रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

